झारखण्ड सरकार

झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

पत्रांक :– रा0खा0आ0 (विविध) 22 / 2022–

प्रेषक,

संजय कुमार
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

सेवा में,

अपर समाहर्ता–सह–जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी,
लोहरदगा, गुमला एवं सिमडेगा।

राँची, दिनांक:–

विषय:– **झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सदस्या का लोहरदगा, गुमला एवं सिमडेगा जिले में भ्रमण के सम्बन्ध में।**

प्रसंग:– आयोग का पत्रांक–691 दिनांक–18.08.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निदेशानुसार कहना है कि राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष, श्री हिमांशु शेखर चौधरी एवं माननीय सदस्या श्रीमती शबनम परवीन आयोग के अन्य 3–4 कर्मियों के साथ दिनांक–19.09.2022 से दिनांक–22.09.2022 तक लोहरदगा, गुमला एवं सिमडेगा जिले के भ्रमण पर रहने संबंधी सूचना आयोग के प्रासंगिक पत्र संख्या–691 दिनांक–18.08.2022 द्वारा आपको प्रेषित की गई थी। अपरिहार्य कारणों से उक्त भ्रमण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया था, जिसकी सूचना आयोग के प्रासंगिक पत्र संख्या–732 दिनांक–08.09.2022 द्वारा आपको प्रेषित की गई थी।

उल्लेखनीय है कि राज्य खाद्य आयोग के माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सदस्या का आयोग के दल के साथ संशोधित भ्रमण कार्यक्रम दिनांक–28.11.2022 से दिनांक–01.12.2022 तक निर्धारित की गई है। इस दौरान माननीय अध्यक्ष एवं सदस्या द्वारा लंबित परिवाद–पत्रों की सुनवाई, जिले के सभी पंचायतों के मुखिया से संवाद एवं जन सुनवाई किया जायेगा।

आयोग का प्रस्तावित कार्यक्रम निम्नवत् है:–

1. दिनांक–28.11.2022– पूर्वाह्न 07.00 बजे राँची से प्रस्थान कर पूर्वाह्न 09.00 बजे लोहरदगा परिसदन भवन में आगमन।
    - पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक लोहरदगा में जिले के सभी मुखिया के साथ संवाद।
    - अपराह्न 02.30 से अपराह्न 04.30 बजे तक लोहरदगा में सुनवाई एवं जनसुनवाई।
    - रात्रि विश्राम परिसदन भवन, लोहरदगा में।
2. दिनांक–29.11.2022–पूर्वाह्न 08.00 बजे लोहरदगा से प्रस्थान कर पूर्वाह्न 09.00 बजे परिसदन भवन, गुमला में आगमन।
    - पूर्वाह्न 10.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक गुमला जिले के सभी मुखिया के साथ संवाद।
    - अपराह्न 02.30 बजे से अपराह्न 04.30 बजे तक गुमला में सुनवाई एवं जनसुनवाई।
    - रात्रि विश्राम परिसदन भवन, गुमला में।
3. दिनांक–30.11.2022–पूर्वाह्न 07.30 बजे गुमला जिले से प्रस्थान कर पूर्वाह्न 09.30 बजे सिमडेगा परिसदन भवन में आगमन।
    - पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 01.30 बजे तक सिमडेगा जिला के सभी मुखिया के साथ संवाद।
    - अपराह्न 03.00 बजे से अपराह्न 05.00 बजे तक सिमडेगा में सुनवाई एवं जनसुनवाई।
    - रात्रि विश्राम परिसदन भवन, सिमडेगा में।
    - दिनांक–01.12.2022 को पूर्वाह्न 10.00 बजे सिमडेगा परिसदन भवन से राँची के लिए प्रस्थान।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx280

4. दिनांक 28.11.2022 को अपराह्न 02.30 से अपराह्न 04.30 बजे तक लोहरदगा में, दिनांक–29.11.2022 को अपराह्न 02.30 से अपराह्न 04.30 बजे तक गुमला में एवं दिनांक–30.11.2022 को अपराह्न 03.00 से अपराह्न 05.00 बजे तक सिमडेगा में सुनवाई एवं जन सुनवाई – जन सुनवाई में जिले के लोग खाद्य सुरक्षा अधिनियम से आच्छादित योजना, यथा–जनवितरण, मध्याह्न भोजन, आंगनबाड़ी केन्द्र एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से सम्बन्धित अपनी शिकायत रख सकते हैं। इस सुनवाई में जिले के अपर समाहर्त्ता–सह–जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक एवं सिविल सर्जन उपस्थित रहेंगे, ताकि शिकायतों का निपटारा तत्काल किया जा सके।

इस भ्रमण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु आपसे निम्न कार्रवाई अपेक्षित है:–

- अपर समाहर्त्ता–सह–जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी, लोहरदगा, गुमला एवं सिमडेगा दल के प्रवास के दौरान क्रमशः लोहरदगा, गुमला एवं सिमडेगा परिसदन भवन में रात्रि विश्राम हेतु पर्याप्त संख्या में कमरे आरक्षित कराएँगे।
- मुखिया के साथ संवाद का स्थल निर्धारित करते हुए स्थल की विवरणी उपलब्ध कराई जाए।
- सुनवाई एवं जनसुनवाई हेतु स्थल निर्धारित करते हुए, इसकी विवरणी उपलब्ध कराई जाए।
- जन सुनवाई का प्रचार–प्रसार कराया जाए, ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिल सके।
- मुखिया से संवाद हेतु उक्त जिले के मुखियागण को उपस्थित रहने सम्बन्धी निर्देश दिया जाए।

निदेशानुसार अनुरोध है कि उक्त के सन्दर्भ में उपायुक्त से विमर्श कर दिनांक–14.10.2022 तक स्थिति से अवगत कराने की कृपा की जाय। साथ ही यह भी अनुरोध है कि इन कार्यक्रमों को सफल बनाने हेतु जिला प्रशासन का क्या–क्या सहयोग रहेगा, इसकी भी जानकारी दी जाए।

विश्वासभाजन

ह0/–
(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

ज्ञापांकः– रा0खा0आ0 (विविध) 22/2022– राँची, दिनांकः–

प्रतिलिपिः–उपायुक्त, लोहरदगा, गुमला एवं सिमडेगा को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

ज्ञापांकः– रा0खा0आ0 (विविध) 22/2022– 795 राँची, दिनांकः– 17.10.2022

प्रतिलिपिः–सचिव, खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

17/10/22

(संजय कुमार)
सदस्य सचिव,
झारखण्ड राज्य खाद्य आयोग, राँची।

C:\Users\PC-06\Dropbox\Anju\Vinod Sir.docx281

पता–झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड के पुराने भवन का द्वितीय तल, हरमू हाउसिंग कॉलोनी, राँची–834002
email-jharfoodcommission@gmail.com, Ph. No:-06512252267/2252261